तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 3 अप्रैल 2024

4 सुरक्षा और सरोकारों की पूर्ति करते हुए कोल उत्पादन में वृद्धि दर्ज करा रहा एसईसीएल

खबर संक्षेप

सारंगढ़ पालिका सीएमओ की निर्वाचन आयोग में शिकायत

रायगढ़। सारंगढ़ के कांग्रेस नगर अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने रिटर्निंग ऑफिसर सारंगढ़ को लिखित शिकायत करते हुए कहा है कि नगर पालिका परिषद् सारंगढ़ में राजेश कुमार पाण्डेय प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में कार्यरत है जो कि रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र का स्थायी एवं स्थानीय निवासी है, जिनका लोकसभा क्षेत्रांतर्गत सारंगढ़ तहसील में गहरी राजनीतिक पैठ है तथा भारतीय जनता पार्टी से जुड़े मंत्री व नेताओं के साथ आए दिन उठ.बैठ रहता है एवं अंदरूनी तौर पर राजेश कुमार पाण्डेय राजनीति में अपना सहभागिता निभाते हैं। चूंकि श्री पाण्डेय जिम्मेदार पद पर पदस्थ हैं, इस कारण लोकसभा चुनाव में अन्य राजनीतिक पार्टी के विरोध में कार्य करते हुये चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं, जिसका अंदेशा एवं संदेह बनी हुई हैए इस कारण श्री पाण्डेय प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् सारंगढ़ के विरुद्ध उचित दण्डात्मक कार्यवाही करते हुये रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के बाहर स्थानांतरित किया जाना आवश्यक हो गया है। इसके अलावा नगर पालिका में दुकानों के आबंटन से लेकर नामांतरण आदि में भी अवैध वसूली करने का आरोप सीएमओ पर लगाते हुए कलेक्टर को कार्रवाई हेतु आवेदन किया गया है।

खरसिया के युवा रविंद्र ने किया भाजपा प्रवेश

खरसिया। खरसिया की राजनीति में सबसे चर्चित चेहरे रविन्द्र गवेल ने सोमवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस को छोड़ बीजेपी ज्वाइन कर ली। रविंद्र गवेल ने अपने भाषण में कहा कि उनके राजनीतिक गुरु शहीद नंदकुमार पटेल रहे हैं उन्हीं के आदर्शों और प्रेरणाओं को आत्मसात करते हुए वे सदा समाज के हित में अपना सर्वस्व समर्पित करते हुए राजनीति नहीं वरन काजनीति करने में विश्वास रखते हैं रविन्द्र ने मोदी जी के भारत को विकसित बनाने के संकल्प और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने के उद्देश्य को लेकर ही मैंने भाजपा में प्रवेश किया है। चूंकि रविन्द्र और उनका परिवार दशकों से कांग्रेस का कट्टर समर्थक रहा है ऐसे में रविन्द्र के अचानक पार्टी बदलने को लेकर खरसिया के राजनैतिक गलियारों में तरह तरह की चर्चा हो रही है।

24 लीटर शराब के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार



रायगढ़। पूंजीपथरा पुलिस द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में सोमवार का थानाक्षेत्र के ग्राम पूंजीपथरा, तुमीडीह, छर्राटांगर, टिभाउडीह में ग्रामीणों को नशा मुक्ति के संबंध में जागरूक कर अवैध शराब बिक्री की सूचना देने प्रेरित किया गया। इसी दरमियान मुखबिर से मिली सूचना पर हर्राडीह मार्ग जंगल रास्ते में आरोपी सुखलाल यादव निवासी चिराईपानी तथा जगतराम यादव निवासी हर्राडीह को अवैध महुआ शराब के साथ पकड़ा गया है। वहीं ग्राम टिभाउडीह पुल के पास घेराबंदी कर आरोपी बिहारी लाल राठिया निवासी गढगांव तथा आरोपी गंगाधर राठिया निवासी हर्राडीह को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया है। आरोपियों के कब्जे से 500-500 उस पॉलीथीन में भरा 48 पैकेट महुआ शराब कुल 24 लीटर महुआ शराब, कीमती 2400 रूपए की जब्ती की गई है। आरोपियों के कृत्य पर थाना पूंजीपथरा में पृथक पृथक धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। कार्रवाई में आरोपी सुखलाल यादव पिता तुलसीराम यादव उम्र 50 साल निवासी चिराईपानी थाना पूंजीपथरा, आरोपी जगत राम यादव पिता ठाकुर राम यादव बिहारी लाल राठिया पिता भारत लाल राठिया उम्र 31 साल निवासी गढगांव थाना पूंजीपथरा, गंगाराम राठिया पिता बोधराम राठिया उम्र 45 साल निवासी ग्राम हर्राडीह को गिरफ्तार किया गया।

जशपुर के बदले अब सारंगढ़ को देना होगा रायगढ़ से हिस्सा

रायगढ़ के डीएमएफ फंड में सारंगढ़ और महासमुंद की भी हिस्सेदारी

जनवरी से मार्च तक करीब 70 करोड़ से अधिक रकम मिलने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में खनिज न्यास निधि डीएमएफ से जिले को 160 करोड़ रुपए मिलने का अनुमान है। दिसंबर 2023 खनिज न्यास निधि से 90 करोड़ 63 लाख रुपए मिला है। जनवरी से मार्च तक सबसे अधिक कोयले का प्रोडक्शन होता है इसी बीच में ही कोयले प्रोडक्शन से करीब इसी तीन माह में करीब 70 करोड़ रुपए और मिलने का अनुमान जताया गया है। रायगढ़ से जो खनिज न्यास निधि से जो राशि मिलता है उसमें सारंगढ़ और महासमुंद जिले को भी डीएमएफ से हिस्सेदारी दी जाएगी।

दिसंबर 2023 तक 90 करोड 63 लाख रुपए डीएमएफ फंड से मिल है। जनवरी से मार्च तक इन 3 माह चुका में करीब 70 करोड़ से अधिक रकम मिलने का अनुमान है, इस बार करीब 160 करोड़ रुपए मिलने का अनुमान है। लेकिन रायगढ़ को खनिज न्यास निधि से लगभग 96 करोड रुपए मिलेंगे, जिसमें खनन क्षेत्र के अलावा अन्य जगहों में भी काम होगे। इसमें खासकर खनन क्षेत्र इलाकों में विकास से जुड़े काम को प्राथमिकता दिया जाता है, इसके आसपास इलाकों में भी इस फंड से खर्च किया जाना है। जिसमें शिक्षा अधोरसंरचना, स्वरोजगार जैसे कई क्षेत्र में इस बजट का इस्तेमाल होता हैए हालांकि प्रदेश में नई बीजेपी की सरकार बनने के बाद इस फंड में नए सिरे से नई रोडपेम में काम किया

जाना है। कहा जा रहा हैं कि लोकसभा चुनाव के आचार संहिता हटने के बाद नई कार्ययोजना बनाकार काम होगा। मार्च.अप्रैल में खनिज न्यास निधि की शासी समिति की बैठक होनी है। लेकिन आचार संहिता की वजह से यह बैठक भी नहीं हो पाई है, यह बैठक भी अब जून दृ जुलाई में होंने की बात कही जा रही है।

सरकार ने जारी किया नया निर्देश

रायगढ़ से खनिज न्यास निधि से जो कुल राशि मिलती है उसमें पिछले साल तक जशपुर और महासमुंद को हिस्सा दिया जाता था। जो दोनों जिलो को 15-15 फीसदी राशि खर्च किया जाता था अब सरकार ने नया निर्देश जारी किया है। जिसमें कहा गया हैं कि रायगढ़ से खनिज न्यास निधि से नए जिले सारंगढ़ दृ बिलाईगढ़ और महासमुंद को इसकी हिस्सेदारी दी जानी हैए जिसमें दोनो जिलों को 20.20 कुल 40 फीसदी राशि दी जानी है। रायगढ़ को खनिज न्यास निधि से सबसे अधिक रकम 60 फीसदी राशि मिलेगा। इस वर्ष से इसका बंटवारा होगा। इस साल सरकार ने डीएमएफ से दोनो जिलो को 5-5 फीसदी राशि अधिक मिलेगे।

वन्यप्राणी के शिकार के लिए बिछाया तार, करंट से ग्रामीण की मौत

रायगढ़। जिला मुख्यालय से लगे लामीदरहा गांव के जंगल में सोमवार की रात वन्यप्राणी के शिकार के लिए बिछाए गए करंट प्रवाहित तार की चपेट में आकर एक ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना मिलने पर चक्रधरनगर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

■ चक्रधरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत लामीदरहा का मामला

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम छोटे रेगडा निवासी सूरज किस्पोट्टा पिता रमेश किस्पोट्टा 21 साल ट्रेक्टर चलाने का काम करता था। सूरज गांव की ही एक शादीशुदा महिला को पत्नी बनाकर साथ में रखा था। इसी बीच सोमवार की देर रात पत्नी से विवाद के बाद उसने अपने एक अन्य साथी गेंदू मिंज के साथ लामीदरहा जंगल गया। जहां जंगल में वन्यप्राणी के शिकार के बिछार गए करंट प्रवाहित तार के चपेट में आने से सूरज किस्पोट्टा की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद डरे सहमे मृतक की पत्नी व उसका सूरज का साथी गेंदू मिंज गांव पहुंचकर परिजनों को इस घटना की जानकारी दी। जिसके बाद मंगलवार की सुबह परिजन सहित गांव के ग्रामीणों के द्वारा चक्रधर नगर पुलिस को इस घटना से अवगत कराया गया, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। साथ ही साथ वन्यप्राणियों के शिकार के लिये जंगल में करंट बिछाने के मामले में पुलिस ने गेंन्दु मिंज को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

श्मशान की भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

रायगढ़। धरमजयगढ़ नगर क्षेत्र में स्थानीय प्रशासन द्वारा सोमवार को सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई। आला अधिकारी एवं अमले की मौजूदगी में बेजा कब्जा कर किए गए निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है।

बताया गया है कि इस जमीन का गोंड़ए कंवर व यादव समाज के द्वारा शमशान घाट के रूप में किया जाता है। जिसके कारण इस अतिक्रमण को लेकर स्थानीय लोगों के द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। प्रकरण के जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण कार्य किया गया है। विधिवत सुनवाई के पश्चात इस मामले में एसडीएम डिगेश पटेल ने अवैध कब्ज़ा हटाए जाने के आदेश दिए। जिसके बाद सीएमओ प्रभात शुक्ला दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और निर्माण को ढहा दिया गया। इस मामले के बारे में मिली

जानकारी के मुताबिक 1 अप्रैल को धरमजयगढ़ सीएमओ नगर क्षेत्र के पतरापारा मोहल्ले में पहुंचे। उनकी उपस्थिति में अमले ने कार्रवाई करते हुए प्रताप नामक व्यक्ति द्वारा सरकारी जमीन पर बनाए गए स्ट्रक्चर को गिरा दिया। शमशान घाट की भूमि पर से अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की इस कार्रवाई के लिए स्थानीय निवासियों ने प्रशासन का आभार जताया है।

235 में से सिर्फ 3 कर्मचारियों को ही मिली आयुष्मान की प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुसौर विकासखंड के मिड़मिड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत 235 कर्मचारियों में से मात्र 3 को ही आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत मिलने वाला इंसेटिव भुगतान हुआ है। जबकि सभी कर्मचारियों के हिसाब शासन की ओर से राशि प्राप्त हो चुकी है। अहम बात यह है कि इस राशि का कर्मचारियों को भुगतान करने के लिए बीएमओ ने उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को भी निर्देशित किया गया है, फिर भी यहां की मनमानी जारी है।

■ आरएमए की मनमानी जारी, बीएमओ ने दिए थे भुगतान के निर्देश

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आयुष्मान भारत योजना के तहत मिलने वाला इंसेंटिव स्वास्थ्य कर्मियों को शासन से आबंटित मिलने के बाद भुगतान किया जाता है। किंतु मिड़मिड़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी की वजह से कर्मचारियों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी ने 200 से अधिक कर्मचारियों के आयुष्मान भारत योजना के तहत मिलने की इंसेंटिव राशि को रोक रखा है और अपने चहेते कर्मचारियों को इसका भुगतान कर दिया है। पूर्व में कर्मचारियों ने इसकी शिकायत बीएमओ से भी की थी, ऐसे में बीएमओ ने इसे गंभीरता से लेते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मिड़मिड़ा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए बकायदा स्पष्ट किया है कि मिड़मिड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी अधिकारी द्वारा विगत वर्ष 235 प्रकरण की प्रोत्साहन राशि का वितरण सिर्फ 3 कर्मचारियों में ही की गई है, कैटेगरी वाइज प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है। जो कि शासन के निर्देश की अवहेलना की श्रेणी में आता है। वहीं वर्तमान में 171 इंसेंटिव पेंडिंग केस की राशि को कैटेगरी के अनुसार तत्काल वितरित करने को निर्देशित किया है।

कर्मचारियों ने की जांच की मांग

इस मामले में पीड़ित कर्मचारियों ने बीते 28 मार्च को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में प्रारंभ के प्रकरणों से लेकर अब तक जितनी भी भुगतान आदि हुए हैं, उसकी जांच कराने की मांग की है।

पुसौर में 56 लाख से अधिक राशि की हुई राजस्व आय

पुसौर। शासन के निर्देश से नगर पंचायत पुसौर द्वारा प्रति वर्ष अपने क्षेत्र मे रोपित करों की वसूली कर राजस्व आय अर्जित किया जाता रहा है किन्तु इस वर्ष बीते सभी वर्षो से सबसे अधिक राशि वसूली होने की जानकारी प्रकाश में आया है चूंकि अवकाश के दिन भी यहां के दो कर्मचारी वरिष्ठ लिपिक संदीप पटेल एवं सहयोगी अनंतराम यादव कार्यालय में वसूली हेतु तैनात रहे। बताया जाता है कि सीएमओ क्षितिज सिंह के मार्गदर्शन में राजस्व प्रभारी किशोरी लाल यादव व उनके टीम के लोगों ने समूचे वार्डों में हाका के जरिए सभी नगरवासियों को बकाया कर के भुगतान हेतु निवेदन किया था जिससे कुछ वार्ड वासियों

को छोड प्रायः सभी लोगों ने सस्फुर्त ही आकर अपनी अपनी बकाया भुगतान किया। अर्जित राजस्व आय को लेकर सीएमओ क्षितिज सिंह ने बताया कि अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का लोगों को दी जा रही लगातार सुझाव के मद्देनजर यह आय हासिल हो पाई है जो 31 मार्च के स्थिति में 56 लाख रूपए से अधिक है जो पिछले सालों की तुलना में लगभग दुगुना है।

सी विजिल एप से कर सकेंगे आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

रायगढ़। स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में नागरिकों की भागीदारी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा निर्वाचन 2024 में भी सी विजिल टपहपस मोबाइल एप लेकर आया है। इस एप के जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की गतिविधियों या घटनाओं की शिकायत चंद मिनटों में दर्ज करा सकता है। जिले में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त होने पर समय सीमा में कार्रवाई की जाएगी। सी विजिल मोबाइल एप पर शिकायत प्राप्त होने पर उडनदस्ता एफ एसटी तुरंत मौके पर पहुँच कर जरूरी कार्रवाई करेगा।

ग्राहक तलाश रहे 2 तस्करों से 11 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली ने जहां रेलवे स्टेशन के बाहर एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया तो वहीं कोतरा रोड पुलिस ने कोसमनारा से एक तस्कर को रंगे हाथों धर दबोचा। दोनों ही गांजा तस्करों से करीब 11 किलोग्राम गांजा बरामद करते हुए जब्त कर लिया। जब्त किए गए गांजे की कीमत करीब 1 लाख 29 हजार रूपए आंकी गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात को सिटी कोतवाली प्रभारी सुखनंदन पटेल को मुखबिर के माध्यम से जानकारी मिली कि रेलवे स्टेशन के बाहर शिव मंदिर के चबूतरे के पास एक व्यक्ति अपने बैग में गांजा रखा हुआ है और उसे ग्राहक को बेचने की फिराक में है। मुखबिर से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए

■ कोतवाली और कोतरारोड़ पुलिस ने की एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई

कोतवाली पुलिस ने आरपीएफ के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए उक्त संदेही युवक से पूछताछ की। पूछताछ में युवक ने अपना नाम निगम कुमार जायसवाल पिता रामलाल जायसवाल उम्र 22 साल निवासी नवाटोला पोस्ट व थाना बिहारपुर जिला सुरजपुर बताया। उसकी बैग की जब तलाशी ली गई तो उसके भीतर 8 पैकेट में गांजा रखा हुआ था। इसका कुल वजन 8 किलो 308 किलोग्राम था। ऐसे में आरोपी को हिरासत में लेते हुए कोतवाली थाने लाया गया। वहीं जब्त किए गए गांजे की कीमत 99 हजार रुपए आंकी गई।

34 लीटर शराब के साथ बाइक सवार गिरफ्तार

रायगढ़। भूपदेवपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सोमवार की रात को एक युवक को जबलपुर पुल के पास मोटरसाइकिल से 34 लीटर शराब परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक रामकिंकर यादव के नेतृत्व में भूपदेवपुर पुलिस टीम द्वारा ग्राम जबलपुर पुल के पास नाकेबंदी कर बिना नंबर मोटरसाइकिल पर शराब परिवहन कर रहे आरोपी उत्तरा कुमार डनसेना पिता पतिराम डनसेना उम्र 34 साल निवासी ग्राम जबलपुर के कब्ज से 34 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया है। जिसकी कीमत 3 हजार 400 रूपए आंकी गई है। वहीं मोटरसाइकिल भी जब्त किया गया है।

हत्या का फरार आरोपी चंद्रपुर से गिरफ्तार

रायगढ़। बीते साल 26 जुलाई को थाना चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छिरवानी में महिला साधनी बाई चौहान पति रामलाल चौहान उम्र 65 वर्ष के मौत के मामले में फरार आरोपी को आखिरकार चक्रधरनगर पुलिस ने चंद्रपुर से गिरफ्तार किया है।

बता दें कि 26 जुलाई को वृद्धा का शव उसके घर पर पड़ा मिला था। घटना के संबंध में मृतिका के दामाद देव सिह राठिया उम्र 55 वर्ष ने बताया कि उसकी सास साधनी बाई चौहान अकेली रहती थी। 26 जुलाई की सुबह मृतिका की नातिन रेखा चौहान, उसके नानी के घर गई तो देखी साधनी बाई जमीन में मृत हालत में पड़ी थी। बाहर से दरवाजा में कुंडी लगा था और घर के अंदर कपड़े अस्त व्यस्त पड़े थे। मृतिका साधनी बाई के गले की सोने की माला नहीं थी तथा आलमारी में रखे सोने चाँदी के ज़ेवर भी गायब थे। परिजनों ने चोरी को लेकर अज्ञात आरोपी द्वारा हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ऐसे में इस मामले में चक्रधरनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना में लेते हुए जांच शुरू कर दी । अपराध के विवेचना के दरम्यान मृतिका के परिजनों, उसके घर आने जाने वाले लोगों से सघन पूछताछ कर जांच आगे बढ़ाई गई, जिसमें ग्राम छिरवानी के पास स्थित एसपीएस पोल्ट्री फार्म में काम करने वाले अजय कुमार बेहरा का मृतिका के घर आने जाने की जानकारी मिली थी। घटना के बाद से संदेही अजय बेहरा फरार था, पुलिस को जांच में संदेही के खिलाफ कुछ और महत्वपूर्ण साक्ष्य भी मिले।

मंदिर न्यास की ओर से 13 से 17 अप्रैल तक सांस्कृतिक आयोजन

चैत्र नवरात्र को लेकर प्रशासन और मेला समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

9 अप्रैल से चैत्र नवरात्र का आरम्भ हो रहा है चंद्रपुर में मंदिर प्रशासन के साथ साथ प्रशासन भी इसको लेकर सजग है। चुनावी आचरण सहिंता साथ ऐसे अवसरो पर राजनेताओ और अधिकारियों के दर्शन पर आने की संभावना भी बनी रहती है। ऐसे में जिला कलेक्टर अमृत तोपमो के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालेश्वर राम ने चैत्र नवरात्र की मेला व्यवस्था के दौरान व्यवस्था को जन सुरक्षा, जन सुविधा के साथ सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मेला समिति की बैठक आहूत की। जिसमें राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, बिजली, मंदिर न्यास, व्यापारीयों का प्रतिनिधि मंडल आदि सम्मिलित रहे।

सर्वविदित है चंद्रपुर स्थिति देवी मंदिर में प्रत्येक वर्ष देवी के पावन चैत्र नवरात्र के समीप आते ही भक्तो का तांता मंदिर दर्शन को लगने

लगता है। लोगों की आवाजाही की भीड़ को मंदिर के मुख्य द्वारए नगर की गली, सड़को पर देखा जाने लगता है। ऐसे में आने वाले दर्शनार्थियों को ध्यान में रख मंदिर की साफ़ सफाई व दर्शनार्थियों की सुविधा की दृष्टि से मंदिर परिसर के साथ मंदिर के आसपास में पेयजल आदि की व्यवस्था दुरुस्त की जाती है। वही स्थानीय प्रशासन पुलिस, राजस्व, नगर निकाय, बिजली, स्वास्थ्य विभाग के साथ तालमेल कर दर्शनार्थियों की सुरक्षा सुविधा को भी उचित व्यवस्था करते है। इस वर्ष चैत्र नवरात्र पर आस्था के जोत रूपी लगभग 6000-8000 से अधिक ज्योत कलश जलने की संभावना है। 13 अप्रेल से लोककला एवं संगीत कों लेकर विविध कार्यक्रम का आयोजन मंदिर न्यास द्वारा कराया जा रहा है जिसमे 13 अप्रेल कों दुकालू यादव प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गायकए 14 अप्रेल कों लोक गायिका आरु साहू, 15 अप्रेल कों स्वाति मिश्रा राष्ट्रीय स्तर की गायिका ;राम आएंगे तो अंगना सजाउंगी 16 अप्रेल कों कवि सम्मेलन कवि सुरेन्द्र दुबे, कवियत्री अनामिका अंबर, कवि प्रबुद्ध सौरभ, कवि हिमांशु बवंडर, कवि सौरभ सुमन, कवि स्वयं श्रीवास्तव की प्रस्तुति होंगी, 17 अप्रेल कों लोक गायिका एवं कलाकार गरिमा, स्वरना दिवाकर एवं समूह की प्रतूतिया होंगी। इन सभी कार्यक्रमों कों लेकर भी व्यवस्था पर चर्चा हुई। मेला व्यवस्था के संबंध में जानकारी देते हुए मंदिर न्यास के प्रबंधक एवं कोषाध्यक्ष ने बताया कि मेले के दौरान दर्शनार्थियों की सुविधा सुरक्षा के लिए हर सम्भव प्रयास किए जाते है मंदिर परिसर में इन सब बातो का विशेष ख्याल रखा जाता है, मंदिर न्यास के कर्मचारी और न्यासी पूरा प्रयास करते है कि माँ के भक्तों को दर्शन में किसी तरह की परेशानी न हो और व्यवस्थित, सुरक्षित वातावरण में उन्हें माता के दर्शन हो सके। मंदिर परिसर में ही दर्शनार्थियों के समय व्यतीत करने के लिये मनोहारी कई साधन विकसित किए गए है। इस दौरान पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग संग नगर निकाय के अधिकारी कर्मचारी का विशेष तौर पे सहयोग मिलता है।

कांग्रेस के युवा सम्मेलन में लोकसभा चुनाव में जीत का लिया संकल्प

रायगढ़। लोकसभा चुनाव के मध्य नजर जिला कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस का सम्मेलन रखा गया जिसमें युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉक्टर पलक वर्मा ने उपस्थित होकर युवा कांग्रेस के युवाओं को आगामी लोकसभा चुनाव में जीत दिलाने की शपथ दिलाई। वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने डॉक्टर मेनका सिंह को लोकसभा प्रत्याशी बनाकर राहुल गांधी का हाथ मजबूत करने की बात कही।

युवा सम्मेलन कार्यक्रम की शुरुआत युवा नेता आशीष यादव के मंच संचालन से हुआ। इस दौरान जिला अध्यक्ष आशीष जायसवाल ने राष्ट्रीय महासचिव के समक्ष विधानसभा में तीन सीटों पर जीत दिलाने के लिए युवा कांग्रेस की सराहना की, वहीं युवा कांग्रेस सचिव राकेश पांडे ने भाजपा की

वोट डालो शासन करो नीति पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने विश्वास दिलाया कि रायगढ़ जिले के युवा पूरी तरह से एकजुट होकर सांसद प्रत्याशी डॉ मेनका सिंह के लिए घर घर जाकर कांग्रेस की नीति और उद्देश्य को स्पष्ट कर रहे हैं। राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी डॉ पलक वर्मा ने कहा कि सभी युवा हर बुथ पर पहुंचकर खुद पंजा के निशान पर बटन दबाएं और अन्य लोगों को भी पंजा वाले निशान पर बटन दबाने को प्रेरित करें।

P.C. सर का OFFER

FLAT 70% OFF

Lee | Wrangler | KILLER | LAWMAN | Integriti | Raymond Apparel | Arvind Life Style

All Brand Ladies Kurties Too

Deepak Advertisers

2 पे 2 फ्री

I CLEVER, GRAMMER, TULIP YANKEE, NOSTRUM, WE PLAY MUSIC & MANY BRANDS

50 कि.मी.दूर से आने वाले ग्राहक को नि:शुल्क भोजन

Rare & Dynamic Personality never seen before

P.C. the BAAP- कब समझोगे आप?

FLAT 50% OFF

JOCKEY | Lyra WOMEN'S WEAR | Cosmetic Items too

ROOKIES DENIM DIVISION 999/-

Crocodile 699/-

ONLY ORIGINAL & LATEST STOCKS

दुकानदार भी बेचने के लिए सम्पर्क करें! 97543 43697 (Whatsapp)

P.C. LOOTMART

SHUBHAM FAMILY STORE

98261 67896, 98274 75444, 91314 85451, 97521 18317, 83190 18733, 82502 23314

दिनेश वस्त्र के बगल, जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

श्रीकांत आ रहा है सबकी आंखें खोलने', 10 मई को होगी रिलीज

मुंबई। एक्टर राजकुमार राव अब जल्द ही अपने फैंस के लिए फिल्म 'श्रीकांत' लेकर आ रहे हैं जिसका नाम पहले श्री रखा गया था। फिल्म अक्षय तृतीया के मौके पर 10 मई को थिएटर में रिलीज होगी। फिल्म के पोस्टर में एक टैगलाइन भी लिखा गया है, 'आ रहा है सबकी आंखें खोलने'। ये फिल्म भारत के एक नेत्रहीन बिजनेस मैन श्रीकांत बोल्ला की रियल स्टोरी पर आधारित है। जिसमें राजकुमार लीड रोल में नजर आने वाले हैं। बता दें कि, श्रीकांत बोल्ला बौलेंट इंडस्ट्रीज के संस्थापक हैं, जो आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव से आते हैं। वे मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूएसए में पढ़ाई करने वाले पहले अंतरराष्ट्रीय नेत्रहीन छात्र थे, जिन्होंने अपनी दृष्टिहीनता को समस्या नहीं बल्कि चैलेंज समझा और कामयाबी की नई इबारत लिखी।

लाइफ Style

खुशी कपूर

'द आर्चीज' के बाद हाथ लगी दो बिग मूवीज

दिवंगत फिल्म अभिनेत्री श्रीदेवी की छोटी बेटी व जाह्नवी कपूर की छोटी बहन खुशी कपूर ने जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' के साथ अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। सुहाना खान, अगस्त्य नंदा और वेदांग रैना जैसे सितारों के साथ खुशी कपूर की इस फिल्म को दर्शकों ने खासा पसंद किया था।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस मूवी में वेरोनिका का किरदार निभाने का बाद वाहवाही लूट चुकीं खुशी कपूर अब अपनी दूसरी फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं। खबर है कि अदाकारा खुशी कपूर ने एक नहीं बल्कि 2 बड़ी फिल्में साइन की हैं। इन दोनों ही फिल्मों में वो बॉलीवुड के चर्चित स्टारकिड्स के साथ ऑन स्क्रीन नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अदाकारा खुशी कपूर जल्दी ही धर्मा प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनने वाली फिल्म 'नादानियां' में नजर आएंगी। इस फिल्म में अदाकारा खुशी कपूर के साथ सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान अपने धमाकेदार बॉलीवुड डेब्यू की तैयारी में हैं। इतना ही नहीं, इसके अलावा खुशी कपूर इब्राहिम अली खान के बाद आमिर खान के शहजादे जुनैद खान की भी अगली फिल्म में नजर आने वाली हैं। ये सुपरहिट तमिल फिल्म लव टुडे की हिंदी रीमेक है। जिसके अधिकार फैंटम स्टूडियो ने हासिल किए थे। बता दें कि ये जुनैद खान के करियर की डेब्यू मूवी नहीं होगी। सिल्वर स्क्रीन पर पहुंचने से पहले ही जुनैद खान का धांसू डेब्यू होने वाला है। जुनैद खान के करियर की पहली मूवी महाराज होगी। जो जल्दी ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। इस मूवी में जुनैद खान अदाकारा शालिनी पांडे संग ऑन स्क्रीन रोमांस करते दिखेंगे।

हॉलीवुड मसाला

फेमस डायरेक्टर से मिलाया हाथ

मुंबई। बॉलीवुड और हॉलीवुड की फिल्मी दुनिया में अपने दमपर नाम कमाने वाली एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इन दिनों काफी चर्चा में बनी हुई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रियंका चोपड़ा हिंदी फिल्मों में वापसी करने की तैयारी कर रही हैं। इसके लिए प्रियंका चोपड़ा और संजय लीला भंसाली के बीच बात चल रही है। प्रियंका चोपड़ा संजय लीला भंसाली की पीरियड-एक्शन में नजर आने वाली है। लेकिन आपको बता दें अभी तक इसको लेकर अभी तक कोई अधिकारिक खबर सामने नहीं आई है।

51 साल की उम्र में मां बनीं एक्ट्रेस कैमरून डियाज

दुबई। हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस कैमरून डियाज के घर एक बार फिर बच्चे की किलकारी गूंजी है। पूरा घर खुशियों से भर गया है। परिवार जश्न मना रहा है। द मास्क फेमस कैमरून ने 51 साल की उम्र में दूसरे बच्चे को जन्म दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस को ये गुड न्यूज सुनाई और बेटे के नाम का भी ऐलान कर दिया है। कैमरून डियाज ने इंस्टाग्राम पर एक ड्रॉइंग की फोटो शेयर की, जिस पर लिखा है, एक छोटी चिड़िया ने मेरे कानों में आकर कहा...। फिर वह कैप्शन में लिखती हैं, हम अपने बेटे कार्डिनल मैडेन के जन्म की घोषणा करते हुए धन्य और उत्साहित हैं। वह अद्भुत है और हम सभी बहुत खुश हैं कि वो यहां है! बच्चों की सुरक्षा और प्राइवेसी के लिए हम कोई भी फोटो पोस्ट नहीं करेंगे। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने बताया कि उनका नवजात बच्चा वास्तव में बहुत प्यारा है और उसे पाकर कैमरून और उनके पति बेंजी मेडन खुद को किस्मत वाला महसूस कर रहे हैं।

शाहरुख संग बनाऊंगी फिल्म : फराह खान

मुंबई। फराह खान इंडस्ट्री की मशहूर कोरियोग्राफर हैं, जो 4 फिल्मों का निर्देशन भी कर चुकी हैं। उन्होंने शाहरुख खान अभिनीत फिल्म 'मैं हूं ना' से निर्देशन क्षेत्र में कदम रखा था। फराह, शाहरुख के साथ ही 3 फिल्मों में काम कर चुकी हैं और उन्हें अपने लिए भाग्यशाली मानती हैं। उनका मानना है कि 'मैं हूं ना' शाहरुख की बदौलत ही सफल हुई थी। फराह का कहना है कि वह शाहरुख संग काम करने का इंतजार कर रही हैं। मालूम हो कि फराह ने फिल्म 'मैं हूं ना' के अलावा शाहरुख के साथ 'ओम शांति ओम' (2007) और 'हैप्पी न्यू ईयर' (2014) में काम किया है, जिन्हें दर्शकों ने भी काफी पसंद किया था। हालांकि, अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ के साथ फराह की फिल्म 'तीस मार खान' बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी थी।



फिल्म 'अर्जुन उस्तारा' में करेंगे काम

मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता कार्तिक आर्यन, निर्देशक विशाल भारद्वाज की थ्रिलर फिल्म अर्जुन उस्तारा में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि कार्तिक आर्यन ने विशाल भारद्वाज के साथ एक थ्रिलर फिल्म को लेकर बातचीत की है। यह एक थ्रिलर फिल्म होगी। कार्तिक आर्यन की इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस करने वाले हैं।विशाल, कोरोना महामारी से पहले इस फिल्म को बनाने वाले थे, लेकिन कई मुद्दों के चलते उन्होंने कुछ समय के लिए इस फिल्म को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। विशाल भारद्वाज पहले इरफान खान के साथ यह फिल्म बनाने वाले थे। कहा जा रहा है कि फिल्म अर्जुन उस्तारा को विदेशों में बड़े स्केल पर शूट किया जाएगा। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग स्पेन और ग्रीस में की जाएगी।

टीवी मसाला

राजनीति में एंट्री के बाद कंगना नहीं करेंगी 'लॉक अप 2' को होस्ट!

मुंबई। एक्ट्रेस कंगना रनौत राजनीति में एंट्री करने के बाद से लगातार चर्चा का विषय बनी हुईं हैं। एक्ट्रेस ने राजनीति में कदम रख लिया और अब वो इस साल लोकसभा इलेक्शन लड़ने जा रही हैं। कंगना को बीजेपी की तरफ से हिमाचल प्रदेश के मंडी से टिकट दिया गया है। इसी बीच खबरें हैं कि, एक्ट्रेस का शो लॉक अप सीजन 2 भी जल्द ही आने वाला है। लॉक अप का पहला सीजन काफी हिट रहा था। इस शो को कंगना रनौत ने होस्ट किया था। अब लोगों के मन में सवाल है कि, क्या राजनीति में एंट्री के बाद कंगना रनौत 'लॉक अप 2' को होस्ट करेंगी? अब एकता कपूर ने शो को लेकर बड़ा अपडेट दिया है।

एकता कपूर ला रहीं लॉकअप सीजन 2

एकता कपूर के शो लॉकअप सीजन 1 को कंगना रनौत ने होस्ट किया था। शो को दर्शकों की तरफ से काफी पसंद किया गया था। बीते दिन अंकिता लोखंडे और विक्की जैन की होली पार्टी में शामिल होने एकता कपूर पहुंची थी। पार्टी के बाद जब एकता पार्टी से घर जा रहीं थी तब पैपराजी ने उन्हें घेर लिया और कंगना के चुनाव लड़ने पर रिएक्ट करने के लिए कहा। इस दौरान एकता ने शो लॉक अप सीजन 2 को लेकर बड़ा अपडेट दिया।

सीजन 2 को होस्ट करेंगी कंगना रनौत?

एकता कपूर से पैपराजी ने कंगना की राजनीति में आने को लेकर सवाल किया था। लेकिन एकता ने इस सवाल का गोल मोल जवाब देते हुए बस इतना कहा कि- मैं उम्मीद करती हूं को वो मेरे लॉकअप के नेक्स्ट सीजन को होस्ट करे। इसके बाद एकता हंसते हुए वहां से चली जाती हैं।

पहले सीजन के विनर थे मुनव्वर फारूकी

बता दें कि लॉकअप सीजन 1 साल 2022 में ओटीटी पर स्ट्रीम हुआ था। सीजन में कई विवादित सेलेब्स को लाया गया था। पहले सीजन में 16 कंटेस्टेंट्स ने हिस्सा लिया था। जिसमें मुनव्वर फारूकी, स्वामी चक्रपाणि, बबीता फोगाट, सारा खान, शिवम शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, अंजलि अरोड़ा, निशा रावल, पायल रोहतगी, तहसीन पूनावाला और करनवीर वोहरा आदि शामिल थे। शो का पहला सीजन लोगों के बीच काफी पॉपुलर हुआ था। 'लॉकअप' सीजन 1 को एमएक्स प्लेयर और एएलटी बालाजी पर लॉन्च किया गया था।

'सिर्फ एक लक्ष्य, बदला... प्रलय आने वाला है'

बड़े मियां छोटे मियां के विलेन का खूंखार रूप आया सामने

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां'को लेकर चर्चा में है। इसी बीच फिल्म के ट्रेलर के बाद अब विलेन पृथ्वीराज सुकुमारन का खतरनाक अवतार भी सामने आ गया है। जिसमें वो कहते नजर आ रहे हैं कि 'प्रलय आने वाला है।' विलेन के रोल में एक्टर मुखौटा पहने नजर आ रहे है। इसके साथ रिवील किए गए लुक में पृथ्वीराज ब्लैक कलर के ओवरकोट और हाथ में गन लिए दिखाई दे रहे है। फिल्म ईद के मौके पर यानी 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली हैं।

फिल्म के स्टार कास्ट

'बड़े मियां छोटे मियां' के स्टार कास्ट की बात करें, तो इस फिल्म में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिंहा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है और उन्होंने ही स्क्रिप्ट लिखी है। इसके अलावा इस फिल्म को दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, वाशु भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया है।

दुनियाभर में बजा दी गोट लाईफ का डंका

बॉक्स ऑफिस में किया अंधाधुंध कलेक्शन

नई दिल्ली। साउथ स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कहर बरपा रही है। देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मलयालम भाषा में बनी इस फिल्म का डंका बज रहा है। तीन दिनों में 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' ने देशभर में 20 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने तीन दिनों में दुनियाभर में 50 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' का डायरेक्शन नेशनल अवॉर्ड विनर ब्लेसी ने किया है। इसमें पृथ्वीराज सुकुमारन के अलावा फ्रेंच एक्टर जिमी जीन लुइस, अरब एक्टर तालिब अल बलुशी, अमाला पॉल और आरके गोकुल ने काम किया है। 'आदुजीविथम द गोट लाइफ' पर काम साल 2008 में शुरू हुआ था और 16 साल में बनकर 28 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' की कहानी बेन्यामिन के उपन्यास आदुजीविथम पर आधारित है। यह फिल्म केरल के नजीब नामक व्यक्ति की सच्ची कहानी बताती है, जो 90 के दशक की शुरुआत में रोजगार के लिए खाड़ी देश चला गया था, लेकिन वहां जाकर उसकी हालत बदतर हो जाती है। वह खुद को एक गुलाम की तरह पाता है और फिर अपने घर वापस लौटने के लिए तरसता है।



रणबीर कपूर-दीपिका पादुकोण ही नहीं, ब्रेकअप के बाद पर्दे पर दिखी इन सितारों की जोड़ी

मुंबई। बॉलीवुड में रिश्ते बनने और बिगड़ने में देर नहीं लगती। कुछ सितारों का प्यार शादी के मुकाम तक पहुंचता है तो कुछ की मोहब्बत शादी तक पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देती है। हालांकि, इससे परे आज हम आपको उन सितारों के बारे में बताएंगे, जिन्होंने ब्रेकअप के बाद भी साथ काम किया और उनकी केमिस्ट्री को खूब पसंद भी किया गया। एक नजर उन्हीं चर्चित जोड़ियों पर, जिन्हें अलग होने के बाद पर्दे पर साथ देखा गया।

रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण

रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण के बीच का रिश्ता किसी से छुपा नहीं है। दोनों ने काफी समय तक एक-दूसरे को डेट किया था फिर वे अलग हो गए। हालांकि, दोनों 2013 में फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' के साथ आए थे जिसमें बनी और नैना के किरदार में उनकी केमिस्ट्री को दर्शकों ने भी काफी पसंद किया। इसके बाद दोनों 2015 में एक बार फिर फिल्म 'तमाशा' में साथ नजर आए और अब एक-दूसरे के काफी अच्छे दोस्त हैं।

रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा

2010 में फिल्म 'बैंड बाजा बारात' में साथ काम करने के बाद रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा के अफेयर की खबरों ने जोर पकड़ लिया था। हालांकि, दोनों सितारों ने कभी अपने रिश्ते को लेकर हामी नहीं भरी थी और कुछ समय बाद ही उनके अलग होने की बात भी सामने आ गई। इसके बाद दोनों ने 2015 में फिल्म 'दिल धड़कने दो' में काम किया, जिसमें भी उनकी जोड़ी को काफी प्यार मिला था।

शाहिद कपूर और करीना कपूर

2004 में शाहिद कपूर और करीना कपूर फिल्म 'फिदा' के दौरान एक-दूसरे को दिल दे बैठे थे। दोनों 2007 में इम्तियाज अली की फिल्म 'जब वी मेट' से पहले तक साथ थे और इसे फिल्माने के दौरान अलग हो गए। हालांकि, दोनों की निजी जिंदगी का असर उनकी पर्दे पर नजर आई शानदार केमिस्ट्री में नहीं दिखा। इसके बाद दोनों 'उड़ता पंजाब' में नजर आए, जिसमें उनके साथ में सीन नहीं थे पर दोनों प्रमोशन के दौरान साथ दिखे थे।

आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर

यूं तो अब आदित्य रॉय कपूर की अनन्या पांडे के साथ डेटिंग की खबरें सामने आती रहती हैं, लेकिन प्रशंसक श्रद्धा कपूर के साथ उनकी जोड़ी को आज भी पसंद करते हैं। दोनों 'आशिकी 2' में साथ नजर आए थे और एक-दूसरे को डेट करने लगे थे, लेकिन फिल्म की रिलीज के कुछ समय बाद दोनों अलग हो गए। हालांकि, ब्रेकअप के बाद उन्होंने फिल्म 'ओके जानू' में काम किया था, जिसमें एक बार फिर उनकी जोड़ी शानदार लगी थी।

खबर संक्षेप

सारंगढ़ कलेक्टर ने किया कोषालय और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

सारंगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने जिला कोषालय सारंगढ़.बिलाईगढ़ का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कलेक्टर साहू ने सभी प्रकार के अदालती एवं गैरअदालती मुद्रांको का सूक्ष्मता से परीक्षण किया। साथ ही साथ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम के दस्तावेजों के रखरखाव के संबंध में गाईडलाईन भी दिए। निरीक्षण के समय चन्द्रपाल सिह ठाकुर जिला कोषालय अधिकारी, वासु जैन आईएएस आरओ एवं अनुविभागीय अधिकारी सारंगढ़, अनिकेत साहू उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सुश्री वर्षा बंसल डिप्टी कलेक्टर उपस्थित थे।

महिलाओं को मतदान के लिए जागरुक करने विविध कार्यक्रम

सारंगढ़। जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू और परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगढ़ श्रीमति संजू पटेल द्वारा ग्राम पंचायत सालर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराया गया, जिसमें कलस्टर समूह की महिलाओं द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली और अपने हाथो में मेहदी से स्वीप लिखवाकर लोगो को वोट डालने के लिए उत्साहित किया। साथ ही साथ सभी महिलाओं ने सामूहिक मतदाता शपथ ली। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने रैली निकालकर ष्हम महिलाओ ने ठाना है, सबको वोट कराना है नारे के जन जन को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण प्रमुख बनी रेखा महमिया

सारंगढ़। 2024-26 के लिए अभा मारवाड़ी महिला सम्मेलन के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण प्रमुख छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष रेखा महमिया को नियुक्त किया गया है। इस विषय पर रेखा महमिया ने बताया कि महिला सशक्तिकरण अर्थात महिलाओं को शक्तिशाली बनाना। महिलाओं को भी सारे उपकरण उपलब्ध कराना जिनकी सहायता से आधी दुनिया उन्नति कर सकती है। आगे बढ़ सकती है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में सबसे बड़ा रोड़ा महिलाओं में शिक्षा और जागरूकता की कमी ही है।

सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक सिंह को दी गई विदाई

रायगढ़। जिला पुलिस बल रायगढ़ में कार्यरत प्रधान आरक्षक रतन सिंह अपनी 62 वर्ष अधिवर्षिकीय आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए हैं जिन्हें आज पुलिस कार्यालय में ससम्मान विदाई दी गई है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा प्रधान आरक्षक रतन सिंह ठाकुर का शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया, ततपश्चात उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा पुष्प गुच्छ, फूल माला पहना कर प्रधान आरक्षक रतन सिंह को दीर्घायु व स्वस्थ रहने की शुभकामनाएं दी गई। सेवा सम्मान कार्यक्रम में प्रधान आरक्षक के परिवारजन भी उपस्थित थे। प्रधान आरक्षक रतन सिंह लंबे समय तक थाना यातायात में अपनी सेवाएं दिए हैं। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, डीएसपी अखिलेश कौशिक, डीएसपी अनामिका जैन, आरआई अमित सिंह एवं कार्यालयीन स्टाफ मौजूद थे।

इस वर्ष कोयला उत्पादन में 12 फीसद बढ़ोत्तरी

सुरक्षा और सरोकारों की पूर्ति करते हुए कोल उत्पादन में वृद्धि दर्ज करा रहा एसईसीएल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोल इण्डिया की अनुषंगी कंपनी एसईसीएल ने कोयला उत्पादन में इस साल नया इतिहास रचा हैं। एसईसीएल ने न सिर्फ देश में ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में अपनी महती भूमिका अदा की बल्कि इस साल 187 मिलियन टन से ज्यादा का कोल प्रोडक्शन रहा। यह कोल इण्डिया के देशभर के अन्य कंपनियों के कुल उत्पादन का एक चौथाई हैं। एसईसीएल ने किस तरह इस उपलब्धि को हासिल किया, देश और उनके सामने उत्पादन से जुड़ी किस तरह की चुनौतियां है और आने वाले दिनों में ऊर्जा की आपूर्ति के लिए एसईसीएल नवाचार कर रही हैं कंपनी ने अपने आकर के अनुरूप उत्पादन तो किया ही लेकिन इन सबके बीच जो सबसे बड़ी उपलब्धि रही वह यह कि कोल इण्डिया ने पिछले साल की तुलना में कोल उत्पादन में 70 मिलियन टन का ग्रोथ दिया उसमें 20 मिलियन टन का योगदान एसईसीएल का रहा।

एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के महाप्रबंधक डॉ हेमंत शरद पांडे के कुशल नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2023-24 में रायगढ़ क्षेत्र ने कोयला उत्पादन, संप्रेषण एवं ओव्हर बर्डन में नए कीर्तिमान हासिल किए है। महाप्रबंधक के अगुवाई में समस्त अधिकारी कर्मचारीगण ने अपने अथक प्रयास से इस लक्ष्य को हासिल करने में अपनी महती भूमिका निभाई है। कोयला उत्पादन इस वित्तीय वर्ष में 14.48 मिलियन टन रहा जो कि विगत वित्तीय वर्ष 202-923 के कोयला उत्पादन 13.16 मिलियन टन से 12 प्रतिशत अधिक रहा है । कोयला संप्रेषण 14.32 मिलियन टन एवं ओव्हरबर्डन 59.11 मिलियन क्यूबिक मीटर किया गया है। एफएमसी से इको.फ्रेंडली तरीके से कोयला भेजने एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु छाल में 173.46 करोड़ की लागत क्षमता 06 मिलियन टन प्रतिवर्ष एवं बरौद में 216.56 करोड़ की लागत क्षमता 10 मिलियन टन प्रतिवर्ष से सीएचपी सायलो का निर्माण किया गया जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया गया है। सीएचपी सायलो के बनने से सड़क पर परिवहन का दबाव, ट्रैफिक एवं सड़क दुर्घटना से बचाव होगा तथा रोड डिस्पेच की तुलना में प्रदूषण भी कम होगा जिससे बेहतर पर्यावरण व स्वास्थ्यकारी वातारण का निर्माण में सहायक होगा। वित्तीय वर्ष 2023-24 में एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र ने कई उपलब्धियों के साथ साथ समाज एवं कल्याण के प्रति सीएसआर के अन्तर्गत विभिन्न कार्यों का निष्पादन भी किया है। कर्मचारियों की सुविधा के लिए रायगढ़ तथा घरघोड़ा में कॉलोनी के निर्माण की प्रक्रियाओं में तेज़ी आई है।

एसईसीएल निदेशक ने किया निरीक्षण

एसईसीएल निदेशक वित्त जी श्रीनिवासन एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। दौरे के दौरान उन्होने क्षेत्र की छाल, बिजारी एवं बरौद ओपनकास्ट खदानों में माइन प्लान के जरिये खनन गतिविधियों का जायजा लिया। वे हाल ही में उद्घाटित छाल साइल भी गए एवं एफएमसी के जरिए कोल डिस्पैच गतिविधियों की जानकारी भी ली। उन्होंने खदान में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों से संवाद करते हुए इस वित्त वर्ष में अधिकाधिक कोयला उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया। श्री श्रीनिवासन ने क्षेत्र द्वारा अब तक का सर्वाधिक कोयला उत्पादन 14.23 मिलियन टन हासिल करने पर सभी अधिकारी कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। खदान दौरे के अतिरिक्त श्री श्रीनिवासन रेल कॉरिडोर अंतर्गत आने वाले कुडुमकेला स्टेशन भी गए एवं वार्फ.वाल साईडिंग के निर्माण के लिए प्रस्तावित साइट का मुआयना भी किया। दौरे के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ हेमंत शरद पांडे साथ रहे।

रेलवे मंडल की वित्तीय वर्ष में लक्ष्य से अधिक लोडिंग

रायगढ़। बिलासपुर मण्डल अपने समर्पित रेलकर्मियों के सम्मिलित सतत एवं अनुशासित प्रयास से विपरीत परिस्थितियों में भी डटकर काम करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लदान लक्ष्य को पार करते हुये अब तक सर्वाधिक 172 मिलियन टन माल ढुलाई के मील के पत्थर को हासिल किया है।

- रिकार्ड 172 मिलियन टन लोडिंग कर भारतीय रेलवे के सभी मंडलों में दूसरे स्थान पर रहे

वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिये गए लदान लक्ष्य 169.5 मिलियन टन को मण्डल द्वारा 30 मार्च को ही हासिल कर लिया गया था द्य मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान रिकार्ड 172 मिलियन टन माल ढुलाई कर अब तक का सर्वाधिक लोडिंग करने की नई उपलब्धि हासिल की गई द्य इसके पूर्व वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 159.54 मिलियन टन लोडिंग की गई थी। रेलवे द्वारा माल ढुलाई को आकर्षक बनाने के लिए कई तरह की रियायतें छूट भी अपने उपभोक्ताओं को दी गई, साथ ही माल परिवहन से संबंधित उपभोक्ताओं के समस्याओं का त्वरित निदान भी किया गया। लोड किए गए वस्तुओं में कोयला, क्लिंकर, लौह अयस्क, सीमेंट, स्टील, खाद्यान रासायनिक खाद, खनिज, तेल आदि है। यह उपलब्धि मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय के निर्देशन एवं अन्य शाखाधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन से संभव हुआ। इस उपलब्धि के अवसर पर नियंत्रण कक्ष में मण्डल रेल प्रबन्धक प्रवीण पाण्डेय, उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा केक काटकर प्रसन्नता व्यक्त की गई। मण्डल रेल प्रबन्धक प्रवीण पाण्डेय द्वारा अपने सभी कर्मचारियो एवं अधिकारियों को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएँ दी गई एवं बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि इस उपलब्धि के असली कर्मयोगी रेल कर्मचारी हैं, जो दूरस्थ कोयला के खदान क्षेत्रों में पदस्थापित हैं और अपने पारिवारिक जीवन को छोडकर कर्म के मार्ग पर चलते हुये लदान लक्ष्य को पाने के लिए दिन रात काम करते हैं। सभी ने गर्व से इस अवसर पर उल्लास प्रकट किया।

डाक मतदान के लिए 12 से फॉर्म भर सकेंगे अनिवार्य सेवा कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हेतु 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किए जाएंगे एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं।

अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से इन सेवाओं के ऐसे कर्मचारी, जो अपनी शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते है, केवल उनके लिए डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाती है। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप 12 पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन करना होता है। ऐसे में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कर्मियों को अधिसूचना 12 अप्रैल 2024 से 17 अप्रैल करना होगा। सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए फॉर्म 12 जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल है। प्रारूप 12घ में आवेदन करने वाले कर्मचारी को आवेदन में अपना मोबाइल नम्बर, वोटर आईडी नंबर एवं मतदाता सूची में भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही सही दर्ज करना होगा। उन्हें वोटर आईडी कार्ड की छायाप्रति भी साथ में संलग्न करनी होगी। निर्वाचक नामावली में कर्मचारी की अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाइन एप्प का उपयोग किया जा सकता है जिसमे वोटर आईडी कार्ड नंबर डालकर इसे खोजा जा सकता है। जिला स्तर पर नोडल अधिकारीयों को फॉर्म 12घ में प्राप्त आवेदनों को इसके भाग 2 में सत्यापित करना अनिवार्य होगा।

विधानसभावार मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण आरंभ

रायगढ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण रायगढ़ विकासखंड में 3 अप्रैल से 6 अप्रैल तक तथा अन्य सभी विकासखंड में 2 से 6 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा।अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 15. लैलूँगा अन्तर्गत 2 से 5 अप्रैल तक प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल लैलूंगा एवं शास बालक उमावि तमनार में विकासखंडवार होगी। इसी प्रकार विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 16 रायगढ़ में 3 से 6 अप्रैल तक केन्द्रीय विद्यालय रायगढ़ में प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक तथा शाउमाविद्यालय औरदा में 2 से 5 अप्रैल तक प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। विधान सभा क्षेत्र क्रमांक.18 खरसिया अन्तर्गत 2 से 5 अप्रैल तक शास एमजी कालेज खरसिया में प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगा। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19 धरमजयगढ़ में 2 से 5 अप्रैल तक प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल धरमजयगढ़ एवं स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल घरघोड़ा में विकासखंडवार प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स को प्रशिक्षण कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

आदर्श स्कूल के भूतपूर्व छात्रों का स्नेह मिलन कार्यक्रम

पुसौर। तहसील मुख्यालय पुसौर में वर्ष 1992 से आदर्श ग्राम्य भारती स्कूल स्थापित है जहां के छात्र आज देश के कोने में रहकर जहां अपनी नामवर आजिविका चला रहे है वहीं अपने शैक्षणिक संस्था का नाम भी रोशन कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक उक्त स्कूल में अध्ययनरत वर्ष 2002 बैंच के छात्र छात्राओं ने होटल अंश रायगढ में एक गेट टू गेदर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें इस बैंच के प्रायः सभी छात्र छात्रा उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम के संबंध में बिलासपुर में एम आर पद में कार्यरत किशोर साहू व जिन्दल में कार्यरत संदीप स्वर्णकार ने बताया कि सभी छात्र छात्रा अपने छात्र जीवन में बीते पलों को लेकर बहुत उत्साही रहे और कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के नियमों के अनुसार राष्ट्रगान से हुई जिसे तात्कालीन शिक्षक एके पटेल रहे जो अब भी इसी स्कूल में शिक्षक है

ने सभी कार्यक्रम को केवल आगे ही नहीं बढाया बल्कि अपने छात्रों के बच्चों को सम्मानित भी किया। एक उमंग एक नवीनता के बीच शेरो शायरी भरे वातावरण में पुराने यादगार पलों को एक दूसरे से साझा किए। कपल गेम्स, बच्चों एवं बडों के लिए चम्मच दौड, गुब्बारा फुलाओं सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। ज्ञात हो कि इसमें मुख्यतः अविनाश गुप्ता, संदीप स्वर्णकार, जयन्ती प्रधान, राजेन्द्र पटेल, रामकुमार पटेल विकास साव, अलेख सिदार, नानदाउ सिदार अनुप गुप्ता अश्विनी पटेल, अश्विनी कसेर, बसंत गुप्ता, भुवनेश्वर चंद्रा, बुलंद, नरेश प्रधान, स्मिता पटेल, प्रभाशिनी प्रधान, हेमलता गुप्ता कमल किशोर पटेल, नवीन देहरी, संजय गुप्ता सतीस साव, विनोद भोय, फत्तेचंद माली, ज्योत्स्ना डनसेना सहित कुल 59 छात्र छात्रा व उनके परिवार जन अत्यंत सौहार्द व उल्लास के साथ शामिल हुए। अंत में प्रतियोगियों को पुरस्कार दिया गया और गुरूदेव एके पटेल के आशीर्वचनों के साथ कार्यक्रम के समाप्ति हुई।

वृद्धाश्रम एवं जतन केन्द्र का निरीक्षण

रायगढ़। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीके चंद्रवंशी ने बोईरदादर वृद्धाश्रम एवं जतन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में 65 मरीज व असीम छाया वृद्धाश्रम में 12 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्होंने 77 मरीजों का रक्तचाप, मधुमेह, नेत्र परीक्षण, समस्त शारीरिक परीक्षण की जाँच कर उन्हें खान पान व स्वच्छता के बारे में सलाह दी। जतन केंद्र में निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारीध कर्मचारी उपस्थित पाए गए। जहां फिजियोथैरेपी सेंटर में 33 मरीज उपचारत थे। सीएमएचओ ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल की साफ सफाई निर्धारित ड्रेस कोड में रहकर अपनी सेवा देने का निर्देश दिए। उन्होंने बढ़ती गर्मी को देखकर मरीजों के परिजनों एवं समस्त जिलेवासियों को लू से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जब भी आप घर से बाहर जाएं तो खुद को हाइड्रेटेड रखें। अपने साथ पानी का बोतल और छाता लेकर चलें, बच्चों को दिन में 2 से 3 लीटर पानी व 18 वर्ष से अधिक वालों को 5 से 6 लीटर पानी का सेवन करना चाहिए। बहुत देर तक बाहर धूप और गर्म हवा में घूमने से बचे, गर्भवती महिला, बच्चों और बुजुर्गों को धूप में बाहर न भेजें एवं दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में निकलने से बचे।

राहगीरों की प्याज बुझाने लगाया वाटर कूलर

कटेली। ग्राम पंचायत कटेली में बाजार चौक के पास लालसाय के साइकिल दुकान के सामने पर वाटर कूलर लगाया गया। बाजार चौक में सफर कर रहे यात्रियों एवं राहगीरों को अब वाटर कूलर के ठंडे पानी से प्यास बुझेगी। ग्राम पंचायत में पहली बार वाटर कूलर लगाया गया। ग्राम कटेली के बाजार चौक में अभी तक तो ठंडा पानी पीने के लिए कहीं भी वाटर कूलर नहीं लगाया गया था। स्व. श्रीमती पार्वती देवी केजरीवाल के पुण्य स्मृति में द्वारा श्री बालाजी राइस मिल कटेली सारंगढ़ ने राहगीरों एवं स्थानीय दुकानदार व्यापारी आमजन को गर्मी में यह सुविधा देने के लिए वाटर कूलर के लिए उचित स्थान मिलने पर लगाया गया। आम जनता सफर कर रहे यात्रियों को वाटर कूलर के ठंडे पानी से प्यास बुझेगी पंचायत में पहली बार वाटर कूलर लगाया गया। अभी तक राहगीरों को ठंडा पानी पीने के लिए वाटर कूलर नहीं लगाया गया था और लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगाए गए वाटर कूलर से यात्रियों को प्यास बुझाने में ठंडा पानी हर समय उपलब्ध मिलेगा।

भोजपुरी वोटर्स को साधने आजमगढ़ एमएलसी पहुंचे

रायगढ। लोक सभा चुनाव 2024 के मद्देनजर मंगलवार को रायगढ़ पंहुचे आजमगढ एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने भोजपुरी समाज के लोगो मुलाकात कर भाजपा के पक्ष में वोट करने हेतु समाज के लोगो से चर्चा की। विजय बहादुर भाजपा विस्तारक वर्ग छत्तीसगढ़ प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इसी दायित्व के अंतर्गत पाठक ने नगर के भोजपुरी समाज के प्रमुख लोगों से भेंट कर निवेदन किया कि अपने व्यवसाय एवं जरुरी कार्यों से समय निकाल कर राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ मे एक आहुती देने हेतु समाज के हर वर्ग के लोगो से मिल कर वोट करना है। उन्होने बीजेपी उम्मीदवार के पक्ष मे मतदान करने हेतु अपील व प्रचार में सहयोगी बनने के साथ प्रधानमंत्री मोदी के जन कल्याणकारी योजनाओं से आम जन को अवगत कराने हेतु निवेदन किये। सभी ने पीएम मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिये अपना योगदान देने का संकल्प लिया। बैठक में प्रमुख रुप से अरुण मिश्रा, अश्वनी सिंह, घनश्याम सिंह, वासुदेव बस, फूलेन्द्र सिंह, रामकुमार सिंह, सुदीप पांडेय, बबलू सिंह, प्रदीप चौबे, बृजेश पांडेय, बब्बल पांडेय, प्रशांत सिंह राजपूत, राजू सिंह, अनुज सिंह, भूआल शुक्ला आदि मौजूद रहे।

खरसिया में बीजेपी का कार्यकर्ता सम्मेलन

रायगढ़। लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष्य में भाजपा हर विधानसभा में मतदान केंद्र स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर रही है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जहां सत्ता को साधन मानकर जनसेवा ही प्राथमिकता रहती है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े जी के मुख्य आतिथ्य में मंगलवार को खरसिया विधानसभा का सम्मेलन संपन्न किया गया। सभा को संबोधित करते हुए लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा की हमारा प्रदेश हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकास के पायदान में प्रथम पंक्ति में आने वाला है। प्रत्याशी राधेश्याम को अपना आशीर्वाद देकर केंद्र में भेजने वाली है। सांसद प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने कहा की मेरे जीवन के 30 वर्षों से मैं समाज सेवा के क्षेत्र में राजनीति को आधार बनाकर कार्य करते आ रहा हुए ग्रामीण क्षेत्र का निवासी होने के कारण मुझे जनता की समस्याओं का अच्छे से भान है, मैं आज आप परिवार जनों के समक्ष यह शपथ लेता हूं की मैं सदैव जनता को सेवा मे समर्पित रहूंगा। कार्यक्रम को लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने भी संबोधित किया। लोकसभा चुनाव के समन्वयक जशपुर के राजा रणविजय सिंह जूदेव ने अपने ओजपूर्ण भाषण शैली से सभी कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया। उन्होंने 1988 के दिलीप सिंह जूदेव के चुनाव की याद दिलाते हुए रमन सरकार के 15 साल के कार्यकाल और कांग्रेस की सरकार के दौरान प्रदेश में हुए विकास का अंतर भी जाहिर किया और सभी को भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित किया। सम्मेलन को लोकसभा सहसंचालक विजय अग्रवाल ने भी संबोधित किया।